राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

सामाजिक अधिकारिता शिविर का शुभारम्भ

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र का प्रथम सार्वजनिक समारोह

समावेशी समाज का निर्माण करना है

रोजगार के मेले लगाये जायें

— *राज्यपाल*

जयपुर, 17 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि हमें समावेशी समाज का निर्माण करना है। दिव्यांगजन के मन से हीनता हटानी है। संवेदनशीलता के कार्यों में लोगों को एकजुट होकर सक्रिय भागीदारी निभानी होगी।

राज्यपाल श्री मिश्र मंगलवार को यहां भवानी निकेतन शिक्षा समिति परिसर में सामाजिक अधिकारिता शिविर को सम्बोधित कर रहे थे। भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित इस शिविर में एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरित किये गये। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री थावर चंद गहलोत, राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री मास्टर भंवरलाल मेघवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया। समारोह में जरूरत मंदों को वॉकिंग स्टिक, श्रवण यंत्र, चश्में, कृत्रिम दांत, ट्राई साईकिल, मोटो ट्राई साईकिल और कौशल विकास प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र राज्यपाल श्री कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत और केन्द्रीय मंत्री श्री थावर चंद गहलोत ने प्रदान किये।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि यह समारोह परोपकार के कार्यों का है। मुझे यहां इस समारोह में आकर प्रसन्नता हुई है। उन्होंने दिव्यांगजनों को प्रणाम करते हुए कहा कि प्रदेश में मेरे सार्वजनिक कार्यक्रमों की शुरूआत इस समारोह से हो रही है। राज्यपाल ने कहा कि दिव्यांगजन के मन से हीनता हटानी होगी और और उनकी प्रतिभाओं को तराश कर उन्हें आगे बढ़ाना होगा।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि समावेशी समाज का परिचायक संवेदनशीलता है। हमें समावेशी समाज के लिए लोगों को हर प्रकार की सुविधाएं जुटानी होगी। राज्यपाल ने कहा कि यह कार्यक्रम समाज को शक्तिशाली बनाने का है। यहां उपकरणों में आधुनिकतम तकनीक का उपयोग किया गया है, जो सराहनीय है।

श्री मिश्र ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की बहुत सी योजनाएं है। इन योजनाओं को गांव स्तर तक पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकगण और युवाओं में सामजंस्य होने की जरूरत जताई। राज्यपाल ने कहा कि राजस्थान की धरती शौर्य की है। यह वीर भूमि है। यहां हमें परोपकार के कार्य करने हे। उन्होंने कहा कि रोजगार के अवसर सुलभ कराने के लिए रोजगार के मेले लगाये जाये। इससे राज्य में सकारात्मक वातावरण बन सकेगा।

समारोह को मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री थावर चंद गहलोत, राज्य के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री मास्टर भंवर लाल मेघवाल, सांसद श्री रामचरण बोहरा व सांसद श्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने भी सम्बोधित किया। समारोह में आदर्श नगर विधायक श्री रफीक खान सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल